प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

विदित हो कि श्री उपेन्द्र पाण्डेय, सेवा निवृत आदेशपाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफरपुर द्वारा हाल में एक आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित किया गया है, जिसमें उन्होने अपने शेष उपादान/सेवांत लाभ भुगतान हेतु अनुरोध किया है । ज्ञात हो कि श्री पाण्डेय द्वारा अपने कार्य से संबंधित प्रभार (चाबी/अभिलेख/अन्य कागजात) एवं बकाया रहित प्रमाण–पत्र वर्तमान तक इस कार्यालय में नही सौंपे है, जिसके कारण वर्तमान तक उनके उपादान की राशि लम्बित है । यही स्थिति श्री दिलीप कुमार सिन्हा, सेवा निवृत लिपिक के साथ भी है । अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा बारम्बार इस संबंध में उपरोक्त कर्मियों को सूचित किया जाता रहा है ।

अतएव श्री उपेन्द्र पाण्डेय, सेवा निवृत आदेशपाल एवं श्री दिलीप कुमार सिन्हा, सेवा निवृत लिपिक के देय शेष उपादान/सेवान्त लाभ के भुगतान एवं उनके जिम्मे कार्य प्रभार से संबंधित बिन्दुओं पर अग्रतर कार्रवाई हेतु एक कमिटी का गठन किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों को नामित किया जाता है :–

1) प्राचार्य, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफरपुर – अध्यक्ष
2) डॉ0 गिरीन्द्र प्रसाद सिंह, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, फार्माकोलौजी – सदस्य
3) बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफरपुर – सदस्य

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः–794/18 दिनांकः–

प्रतिलिपिः–1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) भंडार पदाधिकारी/भंडार लिपिक, केन्द्रीय भंडार, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

4) श्री उपेन्द्र पाण्डेय, सेवा निवृत आदेशपाल/श्री दिलीप कुमार सिन्हा, सेवा निवृत लिपिक श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

16/3/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर